भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +2188

सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीति अपनाना

+2188. कुमारी राम्या हरिदासः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2020-21 में पर्यटन क्षेत्र को हुई राजस्व हानियों का अनुमान है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय की पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीति अपनाने की योजना है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन से उत्पन्न राजस्व पर आंकड़े नहीं रखता है।

(ग) और (घ): पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा उठाये गए कदमों का विवरण नीचे दिया गया है:-

i. वर्तमान परिदृश्य में, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे वैश्विंक अर्थव्यवस्था काफी हद तक प्रभावित हुई है, अतः मंत्रालय द्वारा "देखो अपना देश" अभियान के तहत और देश में घरेलू पर्यटन स्थलों के संवर्धन पर अत्याधिक ध्यान दिया जा रहा है जिससे पर्यटकों और पर्यटन बिरादरी के बीच विश्वास की पुर्नस्थापना करना पर्यटन मंत्रालय का मुख्य फोकस बन गया है। घरेलू पर्यटन उत्पादों जैसे कम ज्ञात विरासत स्थलों, परम्परा, संस्कृति, इतिहास और स्थानीय लैंडिंग के रुप में हमारे देश की विरासत पर कहानियों के रूप में पहचाने गए अछूते विषयों पर नियमित रुप से वेबिनार की श्रृंखलाओं का आयोजन किया जाता है।

ii. लॉकडाउन के दौरान, देश के मुख्य शहरों और सांस्कृतिक/ विरासत परिसम्पत्तियों (दिल्ली, चैन्नई, कोलकाता, मुम्बई, बेंगलुरु, उडुपी, औरंगाबाद, प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल) की हवाई फोटोग्राफी।

iii. घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया का भी अधिकाधिक रुप से उपयोग किया गया है।

iv. घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केवड़िया (गुजरात), श्रीनगर, गोवा आदि सहित कई स्थानों पर रोड-शो भी आयोजित किए गए हैं।

v. कोविड पश्चात् परिदृश्य में भारत को यात्रा के लिए एक सुरक्षित पर्यटन गंतव्य के रूप में पर्यटकों के साथ-साथ सेवा प्रदाताओं के बीच सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रोटोकॉल पर जागरूकता पैदा करना।

vi. मंत्रालय यात्रा प्रोटोकॉल को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से यात्रियों को प्रोत्साहित करने की निरंतर प्रक्रिया में है, साथ ही साथ निधि और साथी योजनाओं के तहत आतिथ्य उद्योग के लिए एक अच्छी पहल की शुरुआत की है ताकि आतिथ्य उद्योग को सुरक्षित रूप से संचालन जारी रखने में उनकी तत्परता में सहायता कर सके और कोविड महामारी से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम किया जा सके।

******